# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 01.03.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. पश्चिम एशिया संकट के बीच नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने करीब साढ़े चार सौ उड़ानों के रद्द होने की आशंका जताई। मंत्रालय ने सभी की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया।
2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज तमिलनाडु और पुदुचेरी में करीब सात हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं के साथ तीन नए आकाशवाणी एफ.एम रिले ट्रांसमीटरों का लोकार्पण भी करेंगे।
3. राजधानी श्री विजयपुरम में केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान में किसान मेला सम्पन्न हुआ। कृषि में उत्कृष्ट कार्य करने वाले फल एवं सब्जी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।
4. ब्रुक्शाबाद और ऑस्टिनाबाद में जिला प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों से दो हजार वर्ग मीटर भूमि मुक्त कराई। नागरिकों से जागरूक रहने की अपील की।

<><><><><><><>

नागर विमानन मंत्रालय ने घोषणा की है कि ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते तनाव के कारण आज चार सौ चवालीस उड़ानें रद्द होने की आशंका है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, मंत्रालय ने कहा कि नागर विमानन महानिदेशालय–डी.जी.सी.ए यात्रियों की सुरक्षा और परिचालन नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए एयरलाइंस के साथ मिलकर काम कर रहा है। पोस्ट में कहा गया है कि ईरान और मध्य पूर्व के कुछ हिस्सों पर हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों के कारण कल चार सौ 10 उड़ानें रद्द की गईं। यात्रियों को हवाई अड्डे जाने से पहले एयरलाइंस से अपनी उड़ान की स्थिति की जांच करने की सलाह दी गई है।

वहीं, पश्चिम एशिया के मौजूदा स्थिति को देखते हुए, एयर इंडिया ने आज रात 11 बजकर उनसठ मिनट तक इस क्षेत्र के सभी गंतव्यों के लिए उड़ानें रद्द कर दी हैं। एयर इंडिया ने कहा कि वह घटनाक्रम पर बारीकी से नज़र रख रही है। उसने कहा कि यात्रियों, चालक दल और विमान की सुरक्षा उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज तमिलनाडु और पुदुचेरी में 7 हजार 100 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री राजस्थान और गुजरात के दौरे के बाद कल रात चेन्नई पहुंचे। पुदुचेरी में, प्रधानमंत्री आज सुबह 2 हजार सात सौ करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली विभिन्न

विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री दोपहर में तमिलनाडु के मदुरै पहुंचेंगे। जहां वे 4 हजार 400 करोड़ रुपये से अधिक की अवसंरचना परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और आधारशिला रखेंगे। तमिलनाडु में प्रसारण सेवाओं को और मजबूत करने के लिए, प्रधानमंत्री कुंभकोणम, येरकौड और वेल्लोर में तीन नए आकाशवाणी एफ.एम. रिले ट्रांसमीटरों का उद्घाटन करेंगे। ये ट्रांसमीटर क्षेत्रीय कवरेज का विस्तार करेंगे, निर्बाध एफ.एम. प्रसारण सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही, राज्य के कई जिलों में सार्वजनिक प्रसारण सेवाओं तक पहुंच बढ़ाएंगे। इसके अलावा, वे तिरुप्पारनकुंड्रम स्थित अरुलमिगु सुब्रमण्यस्वामी मंदिर में दर्शन और पूजा–अर्चना भी करेंगे।

<><><><><><><>

श्री विजयापुरम स्थित आई सी ए आर – केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान में आयोजित किसान मेला कल सम्पन्न हो गया। दो दिवसीय इस आयोजन ने द्वीपसमूह के किसानों, वैज्ञानिकों, उद्यमियों तथा अन्य हितधारकों को एक साझा मंच प्रदान किया। मेले का उद्देश्य नवीन कृषि प्रौद्योगिकियों का प्रसार, जलवायु–सहिष्णु खेती को बढ़ावा तथा किसान–वैज्ञानिक संवाद को सुदृढ़ करना रहा। समापन सत्र की अध्यक्षता भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के सहायक महानिदेशक (मृदा एवं जल प्रबंधन) डॉ. ए. वेल्मुरुगम ने की। निदेशक डॉ. जयसुंदर तथा कार निकोबार के जनजातीय प्रमुख लियोनाल्ड निकोमेड सहित वैज्ञानिक, अधिकारी एवं किसान उपस्थित रहे। डॉ. वेल्मुरुगम ने द्वीपों को "लघु भारत" बताते हुए यहां की विशिष्ट कृषि–जलवायु परिस्थितियों—अत्यधिक वर्षा, मौसमी जल संकट, चक्रवात एवं तटीय अपरदन का उल्लेख किया। उन्होंने नारियल, मधु, कोकम और पारंपरिक करेन धान जैसे स्थानीय संसाधनों के मूल्य संवर्धन, ब्रांडिंग तथा पर्यटन से कृषि के एकीकरण पर बल दिया। डॉ. जयसुंदर ने बताया कि मेले में एक हजार से अधिक किसानों व विद्यार्थियों ने सहभागिता की तथा गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री और उद्यमिता में विशेष रुचि दिखाई। फल एवं सब्जी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

<><><><><><><>

इंजीनियर्स संस्था (इंडिया), अंडमान–निकोबार राज्य केंद्र द्वारा 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' का आयोजन मोहनपुरा स्थित अंडमान लक्षद्वीय बंदरगाह निर्माण कार्य के सम्मेलन कक्ष में "विज्ञान में महिलाएं विकसित भारत की उत्प्रेरक" विषय पर किया गया। दक्षिण अंडमान की उप आयुक्त पूर्वा गर्ग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, जबकि अंडमान लक्षद्वीय बंदरगाह निर्माण कार्य की उप मुख्य अभियंता ममता जिजीथ विशिष्ट

अतिथि थीं। मुख्य अतिथि ने अपने उद्‌बोधन में अंडमान–निकोबार द्वीप समूह में विज्ञान एवं अभियांत्रि की के क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती सहभागिता की सराहना की।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन द्वारा सामुदायिक स्थलों की सुरक्षा तथा सार्वजनिक संपत्ति के विधिसम्मत उपयोग को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अतिक्रमण विरोधी अभियान निरंतर जारी है। बीते कुछ दिनों से प्रशासन द्वारा कड़ी निगरानी रखते हुए सरकारी भूमि को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया जा रहा है। इसी क्रम में कल ब्रुकशाबाद, स्कूल लाइन तथा ऑस्टिनाबाद गांवों में बेदखली अभियान चलाया गया। राजस्व अधिकारियों ने कार्रवाई के दौरान विभिन्न अतिक्रमणों को हटाया, जिनमें अवैध घेराबंदी तथा छह अनधिकृत ढांचे शामिल थे। अतिक्रमण या अवैध निर्माण की सूचना देने के लिए नागरिक जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 03192–240127, 238881, 1070 अथवा व्हाट्सएप नंबर 9531888844 पर संपर्क कर सकते हैं। सभी सूचनाएं पूर्ण गोपनीयता के साथ दर्ज की जाएंगी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस द्वारा डीजीपी कप टी–20 राज्य स्तरीय लीग सह नॉकआउट क्रिकेट प्रतियोगिता (सीजन–4) का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट मार्च 2026 के दूसरे सप्ताह में पोर्ट माउट क्रिकेट ग्राउंड तथा नेताजी स्टेडियम में आयोजित होगा। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों एवं निजी युवा क्लबों की टीमों को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। प्रत्येक टीम के लिए प्रवेश शुल्क पच्चीस हजार रुपये निर्धारित किया गया है। प्रतियोगिता में अधिकतम 32 टीमों को "पहले आओ, पहले पाओ" के आधार पर सहभागिता का अवसर प्रदान किया जाएगा। इच्छुक टीमें इस नम्बर 99–33–263–549 पर सम्पर्क कर सकती है।

<><><><><><><>

आईसीसी पुरुष टी20 क्रिकेट विश्व कप में पाकिस्तान टूर्नामेंट से बाहर हो गया है। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड दोनों के तीन–तीन अंक रहे। वहीं, न्यूजीलैंड ने बेहतर नेट रन रेट के आधार पर ग्रुप टू से सेमीफाइनल में जगह बनाई। इंग्लैंड ने अपने तीनों सुपर एट मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है। वहीं आज सुपर 8 के अपने आखिरी मुकाबले में भारत का सामना वेस्टइंडीज से शाम 7 बजे होगा। इस मैच का नतीजा टूर्नामेंट में भारत के भविष्य का फैसला करेगा।

<><><><><><><>